हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 28 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 पैरी उद्गम स्थल पर उमड़ा आस्था का ...



12 पंडित दीनदयाल उपाध्याय भाजपा के...






## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

## खबर संक्षेप

### शहादत दिवस पर कार्यक्रम आज

छुरा। ग्राम रवेली के बीर शहीद राजेश कुमार ध्रुव उनके शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम दिनांक 28 सितंबर को उनके गृह ग्राम रवेली के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में आयोजित की गई है। जिसके मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम, विशिष्ट अतिथि चुन्नी लाल साहू पूर्व सांसद, संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक, नोहरुराम ध्रुव शहीद के पिता, अग्नीबाई ध्रुवशहीद के माता, तुलसी बाई ध्रुव शहीद के पत्नी, शिवांगी चतुर्वेदी वन सभापति जिला पं. गरियाबंद, मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, रुपऊराम ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत जरगांव, टिकेन्द्र साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत जरगांव है।

**आश्वासन :** राजा निलेन्द्र बहादूर सिंह ने दशहरा उत्सव का दिया आमंत्रण

# फिंगेश्वर में ही बनेगा कृषि कॉलेज मुख्यमंत्री साय ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

फिंगेश्वर नगर में शासकीय कृषि एवं अनुसंधान कॉलेज बनने को लेकर चल रही अनिश्चितता अब समाप्त हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नगर विकास संघर्ष एवं सेवा समिति को दिए गए आश्वासन के बाद पूरे क्षेत्र में उत्साह और हर्ष की लहर दौड़ गई है। नगर विकास, संघर्ष एवं सेवा समिति की पिछले 5 माह से भी अधिक समय से की जा रही मेहनत आखिरकार रंग लाई है और नगर में ही कृषि कॉलेज बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

गत 25 सितंबर को नगर विकास एवं संघर्ष समिति के अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता भागवत हरित और मंदिर ट्रस्ट समिति के सरवराकार राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल की सभी बातें और वस्तुस्थिति सुनने के बाद मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया। विधानसभा पटल पर विधायक के अनुरोध के बाद कृषि मंत्री ने जिस प्रकार से कृषि कॉलेज फिंगेश्वर नगर परिसर में बनाए जाने की घोषणा की है, और फिंगेश्वर में कृषि कॉलेज एवं छात्रावास बनाने के लिए उपयुक्त जमीन जिसे विधायक महोदय एवं कृषि महाविद्यालय की टीम ने चयनित किया है, उस रानी श्यामकुमारी देवी शासकीय हायर सेकेण्डरी शाला की कृषि भूमि में निर्धारित कृषि कॉलेज बने, इसके लिए वे संबंधित विभाग को निर्देश देंगे।



### रानी श्यामकुमारी का रहा योगदान

*मुख्यमंत्री श्री साय ने उक्त भूमि के लिए शाला प्रबंधन समिति, प्राचार्य एवं दानदाता रानी श्यामकुमारी देवी के निलेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा दी गई सहमति पर सभी को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि फिंगेश्वर मालगुजारी की रानी श्यामकुमारी देवी ने जिस दूरदर्शिता एवं उदारता से शिक्षा के लिए अपना अतुलनीय योगदान दिया, उसी का परिणाम है कि आज अंचल के हजारों छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा का एक बड़ा अनुसंधान केंद्र बनने का रास्ता मिल रहा है।*



### प्रतिनिधिमंडल ने जताया आभार

प्रदेश के मुखिया के द्वारा फिंगेश्वर नगर में ही कृषि महाविद्यालय एवं छात्रावास बनने की बात कहने पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद अनिल चंद्राकर, हेमनारायण महिलांग, हरिशंकर श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार द्वय अरेन्द्र पहाड़िया, जितेंद्र शर्मा और विकास तिवारी शामिल थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को फिंगेश्वर के राजा दशहरा (5 अक्टूबर) में आने का आमंत्रण भी दिया गया। मुख्यमंत्री ने दशहरा उत्सव में आने का हर संभव प्रयास करने का विश्वास प्रतिनिधिमंडल को दिया। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन के बाद अब फिंगेश्वर में ही कृषि महाविद्यालय एवं छात्रावास बनने की सभी आशंकाओं पर विराम लग गया है। अंचल के सभी भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण, पालक और छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह व्याप्त है।

# मैनपुर बीईओ के तानाशाही रवैये से नाराज शिक्षक कलेक्टर और मंत्री से करेंगे शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

विकास खंड मैनपुर के शिक्षकों के विभिन्न स्थानीय समस्याओं के निदान के लिए स्थानीय स्तर पर एक समिति गठित किया गया है। समिति के पदाधिकारियों द्वारा शिक्षकों के समस्या के निदान हेतु बैठक आहूत करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर महेश पटेल को लगातार समस्या को अवगत कराया जा रहा है। ज्ञात हो कि विगत दिनों बीईओ के तानाशाही रवैया के चलते 132 शिक्षकों का एक साथ वेतन रोका गया था। शिक्षकों के आक्रोश के पश्चात वेतन आहरण किया गया ऐसे ही छोटे–छोटे मामलों पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा बगैर सूचना के वेतन रोक दिया जाता है साथ ही शिक्षकों के लंबित समस्याओं पर भी गौर नहीं किया जाता इन सभी बातों के विचार मंथन हेतु आज फिर एक बार स्थानीय शिक्षक समिति मैनपुर का बैठक आहूत किया गया। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा पूर्व में दिए गए समस्या का निराकरण नहीं किए जाने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर पर नाराजगी व्यक्त किया गया। समिति के पदाधिकारी ने आगे बताया कि शासन द्वारा संलग्नीकरण समाप्त किए जाने के बावजूद शिक्षकों को सुविधा देने के नाम पर कार्यालय व स्कूल में संलग्न किया गया है। कार्यालय में संलग्न शिक्षक का मूल संस्था शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोदोमाली है। कोदोमाली में कुल दो शिक्षक पदस्थ थे कल की स्थिति में एक शिक्षक संलग्न है व दूसरे शिक्षक का पदोन्नति व्याख्याता पद पर हो गया है गौर करने की बात यह है कि वह संस्था आज की स्थिति में शिक्षक विहीन हो जाऐगा। दूसरी तरफ किसी जनप्रतिनिधि के कहने पर कुल्हाड़ीघाट संकुल केन्द्र के अधीन शालाओं के शिक्षकों के अगस्त माह का वेतन रोक दिया गया है जिसके चलते शिक्षक आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। शिक्षकों के विभिन्न एरियर्स भूगतान लंबित है। चिकित्सा प्रतिपूर्ति की राशि स्वीकृत के बावजूद भूगतान नहीं किया जा रहा है। ऐसे ही अनेक समस्याओं को लेकर शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। शीघ्र निराकरण नहीं होने की स्थिति में पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर एवं विभागीय मंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया है और जल्द ही बीईओ के तानाशाही रवैये को लेकर कलेक्टर एवं शिक्षामंत्री से शिकायत करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष पारेश्वर पटेल, यशवंत बघेल, प्रदीप सिन्हा,शेख इमामुद्दीन, लोभान देवदास, राजेश साहू, संजय सिन्हा,प्रदीप निषाद, टीकम पटेल,रोहेन्द पटेल, भूपेन्द्र देवांगन एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# पंचमी पर देवी मंदिरों में सोलह श्रृंगार कर स्कंदमाता स्वरूप में हुई आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ होते ही लोगों में उत्साह व उमंग के साथ ही वातावरण में धार्मिकता का बोध होने लगा है। नवरात्र के पंचमी पर्व पर शनिवार को देवी मां की विशेष श्रृंगार के साथ स्कंदमाता स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। पंचमी पर विशेष महत्व के चलते रसेला के शीतला मंदिर, गायत्री मंदिर, केरापानी रानी मां, मुढीपानी शीतला मंदिर, कुडेरादादर स्थापित दूर्गा, अंजनी आश्रम कुडेरादादर, गरजाई, जटयाई, मेडकीडबरी, कनसिघी, सेम्हरा, टेगनाबासा, रावनाभाटा सहित सभी देवी मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ा पड़ा। घंटी व शंख की गूंज से रसेला सहित अंचल में भक्तिमय वातावरण बना रहा। पंचमी पर माता रानी का विधिवत पूजा अर्चना कर सात प्रकार का फल व विशेष चना दाल का प्रसाद चढ़ाकर सोलह श्रृंगार किया गया। इसके पहले बैगा और उनके सहयोगी ढोल मजीरा, मांदर बजाते हुए गांव के सभी देवी देवताओं को सह सम्मान शीतला मंदिर में लाकर पूजा अर्चना कर महा आरती किया गया। मान्यता है कि पंचमी पर्व के बाद ही महिलाएं दर्शन करने जाते हैं, इसके पहले महिलाओं का जाना वर्जित रहता हैं। सोलह श्रृंगार का भी बहुत बड़ा महत्व बताया गया है, यही वजह है कि स्त्रियां को हर तीज त्यौहार पर श्रृंगार करने के लिए कहा जाता है। सोलह श्रृंगार का संबंध घर की सुख समृद्धि से जुडा हुआ है पंडित गोलू मिश्रा ने बताया कि ऋग्वेद में भी कहा गया है कि सोलह श्रृंगार सिर्फ खूबसूरती ही नहीं भाग्य को भी चमकता है, यही वजह है कि महिलाएं नवरात्रि में मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए इस पावन पर्व पर श्रृंगार करती है।





### बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते रहे

मां का सोलह श्रृंगार करने से घर में और जीवन में सोभाग्य आता है, जीवन में खुशियां ही खुशियां आती है और जीवनसाथी का स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है। माता रानी को श्रृंगार में लाल चुनरी, लाल चूड़ियां, सिंदूर, बिंदी, काजल, मेंहदी, महावर, शीशा, इत्र, चोटी, गले के लिए माला, नेलपॉलिश, लिपस्टिक, चोटी के लिए बैंड, नथ, गजरा, मांग टीका, कान की बाली, कंघी,लाला साड़ी आदि मां दुर्गा को समर्पित किया गया । मिश्रा ने कहा कि सोलह श्रृंगार में मौजूद हर एक श्रृंगार का अलग अर्थ है। वहीं रात में ढोल, नगाड़े,झाज मंजीरे के साथ श्रद्धालु एकत्रित होकर जसगीतो के साथ मा की सेवा कर रहे हैं। माता के मंदिरों में भक्त सुख समृद्धि बनाए रखने की कामना करते हुए आराधना में लीन है। पंचमी पर सभी मंदिरों व दूर्गा स्थल पर पूजन करने सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते रहे। शीतला मंदिर रसेला में पंचमी पर्व पर दर्शन करने आने वाले सभी श्रद्धालुओं को राघवेंद्र यादव, डायमंड कोमर्रा, ऋतुराज सिन्हा, युवराज यादव, धर्मेंद्र नागेश ,पीताम्बर निषाद एवं अमन यादव के सौजन्य में हलवा का प्रसाद वितरित किया गया। इस तरह क्षेत्र में पंचमी पर्व को विधिवत पूजा अर्चना कर मनाया गया।



मुड़ागांव(कोरासी)। समस्त ग्रामवासी बजरंग चौक जुनवानी।

**भजन-कीर्तन और भक्तों की उपस्थिति से वातावरण हुआ भक्तिमय**

# टेंगनहीं माता मंदिर में 932 ज्योति कलशों की स्थापना हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही छुरा स्थित प्रसिद्ध टेंगनहीं माता मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा कुल 932 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्ति-भाव से आलोकित हो उठा है। इसी कड़ी में सिद्ध बाबा धाम पिपराही में भी श्रद्धालुओं ने 247 ज्योति कलश प्रज्वलित कर अपनी गहरी आस्था का प्रदर्शन किया है। मंदिर प्रांगण में प्रज्वलित ये अखंड ज्योतियां न केवल श्रद्धालुओं की व्यक्तिगत मनोकामनाओं से जुड़ी हैं, बल्कि सामूहिक रूप से यह पूरे समाज की सुख-शांति और समृद्धि का संदेश भी देती हैं। धार्मिक मान्यता है कि नवरात्रि के नौ दिनों तक अखंड ज्योति जलाने से माँ दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सुबह-शाम मंदिरों में आरती, भजन-कीर्तन और भक्तों की उपस्थिति से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना हुआ है। ढोल-मंजीरे और शंखनाद की गूंज से पूरा इलाका माँ दुर्गा के जयकारों से मुखरित हो रहा है। नवरात्रि पर्व आत्मसंयम, आत्मशक्ति और भक्ति की जागृति का संदेश देता है।



### विशिष्टजनों ने किए दर्शन

नवरात्रि के छठवें दिन विशेष रूप से पुनितराम ठाकुर (छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, गरियाबंद जिला मीडिया प्रभारी), संतोष सोरी (सामाजिक कार्यकर्ता) और ठंकेश्वर चन्द्राकर ने टेंगनहीं माता एवं सिद्ध बाबा धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की और माँ दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में टेंगनहीं समिति के पदाधिकारी लेखराज ध्रुवा, शिवालय परिवार से भगत महेंद्र ठाकुर, गुलाब ठाकुर, कृष्ण पटेल, बल्लार सिंह मरकाम, आरएस टाण्डे, मदन गोपाल ध्रुव, महेश नायक, मनु निषाद पुजारी, लंकेश्वर यादव, किशोर नायक सहित अनेक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से लगे हुए हैं। मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। दूर-दूर से श्रद्धालु माँ दुर्गा के चरणों में अपनी मंगलकामनाएँ अर्पित कर रहे हैं। सजावट, विद्युत लाइटों की झिलमिलाहट और भक्तों की आस्था ने टेंगनहीं मंदिर को एक दिव्य धाम का रूप प्रदान कर दिया है।




## खबर संक्षेप



**मुड़ागांव(कोरासी)।** नव युवा दुर्गा उत्सव समिति बस स्टेंड मुड़ागांव।

### महिला नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक आमसभा आज

**महासमुंद।** महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित महासमुंद की वार्षिक आमसभा 29 सितंबर को सुबह 11 बजे होटल अकाशिया, स्टेशन रोड, महासमुंद में आयोजित की गई है। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार दवे ने जानकारी दी है कि सभी सदस्यों को डाक के माध्यम से सूचना प्रेषित करते हुए सभी सदस्यों से आमसभा में शामिल होने की अपील की गई है।

### जनसंपर्क में सक्रिय मोक्ष प्रधान, लोकप्रियता में निरंतर बढ़ोतरी

**बसना।** जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान इन दिनों लगातार जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में उनकी सक्रियता को लेकर जनता के बीच सकारात्मक चर्चा है। लोग उन्हें भविष्य के एक सक्रिय और प्रभावशाली नेता के रूप में देख रहे हैं। मोक्ष कुमार प्रधान किसानों, युवाओं और स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार जनता से सीधे संवाद कर रहे हैं। वे गांवों से लेकर शहर तक लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को गहराई से समझने और समाधान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रधान युवाओं और किसानों के मुद्दों को गंभीरता से उठाते हैं और हर वक्त उनके लिए खड़े रहते हैं। यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। कांग्रेस खेमे में भी मोक्ष कुमार प्रधान की सक्रिय भागीदारी को संगठन के लिए एक मज़बूत कड़ी माना जा रहा है। विशेष सूत्रों से पता चला है कि बड़े खेमे में मोक्ष कुमार प्रधान के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकता कांग्रेस में शामिल होने वाले हैं। मोक्ष कुमार प्रधान ने कहा, "जनता मेरे लिए परिवार की तरह है, और में हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। " हर किसी के सुख और दुःख में साथ रहता हूं और हमेशा रहूंगा।

### छात्रों को वितरित किए गए साइकिल

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बम्हनी में सरस्वती सायकिल योजनांतर्गत प्राप्त साइकिलों को संस्था में अध्ययनरत कक्षा नवमीं की नवीन छात्राओं को वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन रूपा घनश्याम ध्रुव सरपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ पुराणिक साहू, डॉ गोवर्धन साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के 52 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य जीएस कागजी, व्याख्याता दिनेश्वरी ध्रुव, वंदना शुक्ला, सविता गायकवाड़, मधुलिका यादव, आशा कोसरिया, मीनाक्षी पांडेय, कुंती पटेल, अनिता जांगड़े, रितेश जोशी, नोमेंद्र दास वैष्णव, नीलम सिन्हा, पेमेश्वरी साहू, डेनिस चंद्राकर, अभिजीत ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पर संगोष्ठी

**महासमुंद।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा महासमुंद जिला स्वास्थ्य समिति, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 चलाया जा रहा है। जिला पंचायत सभा गृह महासमुंद में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, बीपी, गर्भवती जांच, किशोरी बालिका जांच परामर्श, टीबी जांच एवं पोषण आहार वितरण, एचआईवी जांच परामर्श किया गया।

#### निधन

### लोकेन्द्र देवांगन

**छुरा।** नगर के युवा व्यवसाई लोकेन्द्र देवांगन स्वास्तिक किराना का शनिवार सुबह निधन हो गया।जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।वे भाई वे लोकेन्द्र, मुरारी देवांगन, मोहन लाल और हेमारायण देवांगन के भांजा थे।

**राहत:** भाजपा नेता व कार्यकर्ता लोगों को वस्तुओं की कीमतों में मिल रही राहत का भौतिक सत्यापन कर रहे

# जीएसटी रिफॉर्म से दुकानदारों आम जनता में उत्साह : किशोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

मोदी सरकार द्वारा देशवासियों को जीएसटी पर दी गई रियायत 22 सितंबर से शुरू हो गई है। देशभर में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता दुकानों में जाकर दुकानदार व ग्राहकों से, इस राहत से लोगों को वस्तुओं की कीमतों में मिल रही राहत का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। इसी कड़ी में युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने 26 सितंबर शुक्रवार को शहर के विभिन्न दुकानों में पहुंचे, जहां उन्होंने दुकानदारों और ग्राहकों से चर्चा की। इस दौरान किशोर को उम्मीद से कही अधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। किशोर से चर्चा के दौरान लोगों ने जीएसटी में छूट से सामानों में खरीदी से हो रही बचत का खुलासा करते हुए इसे मोदी जी का उन लोगों को दीवाली पूर्व गिफ्ट बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार को धन्यवाद दिया। बताया कि मोदी जी देशहित में जब भी कोई फैसला लेते हैं तो सत्ता के लिए बेचैन विपक्षी पार्टी खासकर कांग्रेस के लोग, जनता को बरगलाने में लग जाते हैं, जिससे वे मोदी जी को उनकी नजर में नायक की जगह विलेन साबित कर सकें । अब वे लोग कह रहे हैं कि राहुल गांधी ने 8 साल पहले ही कह दिया था कि अंत में मोदी जी जीएसटी के 4 स्लैब को 2 स्लैग करेंगे और आज वही हुआ। ऐसे लोगों की बुद्धि पर हंसी और तरस आती है। ये वो लोग हैं जिन्होंने अपने समय में बच्चों के चॉकलेट तक में 28 प्रतिशत जीएसटी लगा दी थी, उस वक्त राहुल गांधी क्यों चुप रहे? उन्हें बच्चों और देशवासियों का हित दिखाई नहीं दिया ? राहुल गांधी और उनकी बातों को देश की जनता ही गंभीरता से नहीं लेती, क्योंकि गंभीरता से लेती तो राहुल गांधी कब के प्रधानमंत्री बन जाते। ऐसे आदमी की बात को मोदी जी तो क्या भाजपा का एक नया नवेला कार्यकर्ता भी गंभीरता से नही ले रहा। कहा कि जिस समय मोदी जी सत्ता में आये, उस समय कांग्रेस के नेतृत्व में 10 साल तक चली मनमोहन सरकार के गलत नीतियों के कारण देश की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल थी। ऐसे में मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए जीएसटी के 4 स्लैब किए।



### जीएसटी में रियायत से काफी बचत हो रही

लगभग 8 साल बाद जब देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो गई, तो उन्होंने उसमें स्वविवेक से रियायत दी। जबकि इन 8 वर्षों में 3 साल तक भारत सहित पूरे विश्व में कोरोना महामारी की शनि छाया रही। दूसरा पिछले कुछ सालों से विभिन्न देशों के मध्य युद्ध चल रहे हैं। तीसरा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबंगईपूर्वक भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से भारतीय व्यापारियों और जनता को अछूता बनाए रखने के लिए उन्होंने जीएसटी के 2 स्लैब किए। किशोर ने कहा कि जीएसटी में मोदी सरकार द्वारा दी गई रियायत के चलते देशवासी काफी खुश हैं और उनकी काफी बचत हो रही है। इस कड़ी में कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के नेता और उनके कार्यकर्ता भी शामिल हैं, लेकिन इसके लिए मोदी जी को धन्यवाद देने के बजाय वे हमेशा की तरह इस बार भी अपनी ओछी राजनीति कर रहे हैं। किशोर ने कहा कि वैसे भी मोदी जी को न तो कांग्रेस और न ही अन्य विपक्षी दलों के नेता व उनसे जुड़े लोगों को खुश करना है, मोदी जी केवल भारतीय जनता का भला देखते हैं और अगर इसमें भी विपक्ष अपनी ओछी राजनीति जारी रखता है तो इसमें उनका ही घाटा है क्योंकि जनता, मोदी जी के जनहितैषी काम और विपक्ष के नकारात्मक चरित्र को बराबर देख रही है।

# मोदी सरकार दीन दुखियों की सेवा के लिए संकल्पित: संतोष उपाध्याय

**राजिम।** राजिम भाजपा मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम रखा जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, खंड चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र हिरौंदिया, सुश्री छाया राही, देव की साहू, मौजूद थी। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा हैं। कहा कि शिक्षा ,स्वास्थ्य और संस्कार को बनाए रखने की पहली प्राथमिकता हमारे मोदी सरकार की है। मोदी सरकार दीन दुखियों की सेवा के लिए संकल्पित हैं, आज स्वास्थ्य नारी ,स्वस्थ समाज का जो थीम है, नारी ही परिवार और समाज के विकास में सहायक होते हैं, इसलिए नारी का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है, यदि नारी स्वस्थ रहेगी तो समाज और देश का अपने आप विकास हो जाएगा। मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि जन सेवा ही प्रभु सेवा है, प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपना पूरा जीवन जनता के लिए समर्पित कर दिया। सेवा पखवाड़ा के रूप में निशुल्क का स्वास्थ्य शिविर और मरीजो को फल वितरण कर जनहित में कार्य किया जा रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेत्री सुश्री छाया राही ने कहा कि परिवार और समाज के विकास में नारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए नारियों का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में लगभग 300 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। संचालन जीवनदीप समिति के सदस्य सोमनाथ पटेल ने तथा आभार खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र हिरौंदिया ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजीव साहू, शरद पारकर, पुरन यादव, मधु नत्थानी, ईश्वर साहू, जीतेन्द्र पेंदरिया, लोकेश सोनी, आशीष पांडे, चंद्रहास साहू, लेखराम ध्रुव, बादल साहू, मुकेश साहू, युवराज साहू, दुर्गेश धीवर सहित अस्पताल स्टॉफ मौजूद थे।



# घुमरा कार्यक्रम का जिपं सदस्य सिंघल ने किया शुभारंभ



**मैनपुर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत कुम्हड़ईखुर्द में आयोजित घुमरा कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल के हाथों हुआ। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने श्रीमती सिंघल का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। श्रीमती सिंघल ने सर्वप्रथम मातारानी की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्रीमती सिंघल ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हम सभी के जीवन में खुशियां लाए।/" उन्होंने बताया कि नवरात्रि में मां दुर्गा के नवरूपों की पूजा होती है, जिन्हें शक्ति, साहस, धैर्य, करुणा और न्याय का प्रतीक माना जाता है। भक्तगण इस दौरान पूरे उत्साह और श्रद्धा से उपवास रखते हैं और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने प्रार्थना करते हुए कहा, /"हमारे क्षेत्र में सभी खुशहाल रहें, माता से यही प्रार्थना है कि सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। **कार्यक्रम के शुभारंभ में इनकी रही उपस्थिति-** घुमरा कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर सिंघल के साथ जनपद सदस्य असलम मेमन, जनपद सदस्य शंकर नागेश, डुबरमबहल जनपद सदस्य, सरपंच संघ अध्यक्ष पवन यादव,सुशील निधि एवं अनेक वरिष्ठजनों ने भी पूजा-अर्चना की और कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

# शीतला माता मंदिर में 55 ज्योत प्रज्वलित

**छुईहा बेलर।** बिजली की प्रसिद्ध शीतला देवालय में ग्राम वासियों की सार्वजनिक तत्वावधान में शारदीय नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है। इस शीतला माता की मान्यता श्रद्धा से श्रद्धालुगण मनोकामना जोत प्रज्वलित कराते हैं। काफी लम्बे समत से चली आ रही परम्परा में हर वर्ष इसकी बढ़ोतरी हो रही है। शीतला माता मंदिर बिजली की पुजा पाठ व्यवस्था में पड़ा। रोशन निषाद, बसंत यादव, देवचरण साहू की अहम् भूमिका है। सरपंच पति मोती निषाद ने कहा की शीतला माता मंदिर में 55 मनोकामना ज्योति जलाये जा रहे हैं।



# डीएव्हीस्कूल में मनाया गया नवरात्रि का उत्सव

**मैनपुर।** मैनपुर से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई स्कूल डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में नवरात्रि का पावन त्यौहार अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित है। कार्यक्रम की शुरुआत माता दुर्गा के नवरूपों की पूजा एवं स्तुति से की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें गरबा और डांडिया नृत्य, जसगीत गायन, नाट्य, चित्रकला प्रतियोगिता और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता शामिल थी। बच्चों ने माँ दुर्गा के नवरूपों की वेशभूषा धारण कर सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

**देवी दुर्गा के हर स्वरूप से मिलती है जीवन में संतुलन की दिशा-**संस्था प्रमुख वेनुका साहू ने कहा कि मां दुर्गा के हर स्वरूप से हमें एक दिशा मिलती है कि किस प्रकार जीवन में संतुलन और सकारात्मकता बनाए रखें। उन्होंने बताया कि देवी दुर्गा को शक्ति, भक्ति और मुक्ति का प्रतीक माना जाता है, यही कारण है कि नवरात्रि को 'शक्ति पर्व' के रूप में पूरे भारत में विशेष श्रद्धा से मनाया जाता है। इसके नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है और हर देवी का एक विशेष स्वरूप व जीवन से जुड़ा गहरा संदेश होता है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक भूषण कुमार साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय नागेश, राकेश साहू, परम ज्योति भोई, लेखराज साहू, उत्तम साहू, मुरलीधर साहू, संगीता साहू, अग्निहोत्र साहू, रमेश यदु, तुलेश्वर निषाद, प्रशांत महंत, देविका नेताम, अंजु यदु, लवलित आडिले, नगमा खातुन, लक्ष्मी बघेल, प्रहलाद मरकाम, शैलेश यादव सहित बड़ी संख्या में पालक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।



# किसानों की हितैषी है भाजपा सरकार



**राजिम।** शनिवार को जेंजरा सोसायटी में आयोजित आम सभा का शुभारंभ भारत माता की पूजा अर्चना कर अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। यह सरकार किसानो की हितैषी सरकार है। वादा के अनुसार 31 क्विंटल में खरीदकर किसानो का सम्मान किया। कहा कि देश में मोदी की गारंटी और प्रदेश में विष्णुदेव साय का सुशासन की सरकार चल रही है जो निरंतर प्रदेश को विकास के पथ पर आगे लेजा रही है। यह सरकार किसानों की धान खरीदने के लिए अभी से तैयारी में जुट गई है। सीएम का साफ निर्देश है कि धान बेचने में किसानों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी नही होना चाहिए। आम सभा में ग्राम के उपसरपंच प्रमोद साहू, भुवन लाल साहू, किसान जालम साहू, झंगुराम साहू, गोवर्धन साहू, सोमनाथ साहू, राजेंद्र साहू, मितेंद्र कुमार, रामेश्वर साहू, ललित साहू, विदेश साहू,हरख साहू,तिलक कंवर, ईश्वरी साहू, सोमेश्वर साहू, साकेत साहू, डिगेश साहू, रूपराम साहू, मलेश साहू तथा प्रभारी प्रबंधक गिरजाशंकर, ऑपरेटर केशव साहू, प्रीतराम वर्मा, पारस वर्मा, चुम्मन साहू, मनीराम कंवर मौजूद थे।



# एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता अभियान खेल मैदान पर विशेष कार्यक्रम

**छुरा।** 25 सितंबर को नगर पंचायत छुरा के द्वारा गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत, 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद के साथ,संस्थाओं, विभागों, स्कूली बच्चों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आम जन की सहभागिता ने इसे विशेष बना दिया। एवं सभी ने खेल मैदान को स्वच्छ करने हेतु श्रमदान किया। नगर पंचायत द्वारा वार्ड क्रमांक 4 स्थिति मिनी स्टेडियम में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन, सभापति बलराज पटेल, पार्षद संगीता अजय दीक्षित,मानसिंह निषाद,निखिल साहू,रामाधार यादव,वीरेंद्र सिंह ठाकुर,धनेश्वर नाग, मिथलेश सिन्हा,मनोज दुबे,कमलेश सिन्हा, शोएब अली,परमेश्वर सिन्हा,मेघराज यादव, वेदप्रकाश , धनेश नेताम, मरकाम, दानेश्वर निर्मलकर, रमेश निर्मलकर, यादव, स्वच्छता दीदियां एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं। एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बालक प्राथमिक शाला बढ़ईपारा में न्योता भोज



**नवापारा-राजिम।** शनिवार को शासकीय बालक प्राथमिक शाला बढ़ईपारा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत प्रधानपाठक रमेश साहनी ने अपनी पुत्री स्व. माला साहनी के प्रथम पुण्यतिथि पर बच्चों को आंशिक न्योता भोज कराया। इस भोज में प्रमुख रूप से बच्चों के लिए खीर,पूरी, पनीर की सब्जी, पापड़ परोसा गया। शाला परिवार की ओर से स्व. माला साहनी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। न्योता भोज में सभी बच्चों सहित प्रधानपाठक गौकरण गिलहरे ,शिक्षक राजेंद्र मिश्रा ,ओमप्रकाश साहू ,तोमेश्वरी जोशी ,लोकेश धृतलहरे ,राजेश सोनी ,दीपक साहू ,वाणी ,उपासना साहू शामिल हुए।

# सुस्त हो चुके कांग्रेस संगठन में नई जान फूंकने की तैयारी गरियाबंद में जल्द बदलेगा नेतृत्व



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

विधानसभा चुनाव 2027-28 से पहले कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। लंबे समय से सुस्त पड़े गरियाबंद जिले के कांग्रेस संगठन में अब नई जान फूंकने की तैयारी है। जिलाध्यक्ष बदलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और कार्यकर्ताओं में नए नेतृत्व को लेकर उत्सुकता है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिलों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। ये पर्यवेक्षक ब्लॉकों में जाकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे और छह नामों का पैनल बनाकर हाईकमान को भेजेंगे। गरियाबंद जिले का पर्यवेक्षक राजस्थान की पूर्व राज्यमंत्री रेहाना चिश्ती को बनाया गया है। वह जल्द ही जिले का दौरा कर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगी। कांग्रेस संगठन इस समय अपने सबसे कमजोर दौर में है। वर्तमान जिलाध्यक्ष भावसिंह साहू के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन लगातार फ्लॉप हुए बैठकों में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति बेहद कम रही है। कई मौकों पर प्रदेश संगठन के आदेशों का पालन भी नहीं हुआ।

सत्ता के दौरान भावसिंह साहू सक्रिय राजनीति करते रहे लेकिन सत्ता जाने के बाद संगठन पूरी तरह सुस्त पड़ गया। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की अनदेखी से कई कांग्रेसी किनारे हो गए और पार्टी की पकड़ राजिम विधानसभा क्षेत्र में कमजोर हो गई। नए जिलाध्यक्ष की दावेदारी को लेकर जिले में कई नाम सामने आ रहे हैं जिसमें युगल पांडेय (पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं राजीव गांधी पंचायती राज समन्वयक) शैलेन्द्र साहू (पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं तेलघानी विकास बोर्ड सदस्य) संजय नेताम (पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत एवं वर्तमान सदस्य) सुखचंद बेसरा (पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवभोग) रामगुलाल साहू जैसे नामों को लेकर कार्यकर्ताओं में चर्चाएं तेज हैं।

सूत्रों के अनुसार इस बार चयन पूरी तरह निष्पक्ष रायशुमारी से होगा। हाईकमान ने पर्यवेक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे बड़े नेताओं से राय लेने की बजाए कार्यकर्ताओं से सीधे फीडबैक लें। इस वजह से कार्यकर्ताओं में उम्मीद जगी है कि सक्रिय और समर्पित स्थानीय नेता को संगठन की कमान मिलेगी।

अब तक गरियाबंद जिले के सभी जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल की पसंद से बने हैं। भावसिंह साहू भी उन्हीं की पसंद थे। लेकिन खराब प्रदर्शन ने संगठन को कमजोर कर दिया। अब कार्यकर्ता मानते हैं कि बदलाव से ही कांग्रेस फिर से मजबूती हासिल कर सकती है।

गरियाबंद कांग्रेस कार्यकर्ताओं की निगाहें अब नए जिलाध्यक्ष की घोषणा पर टिकी हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि इस बार चयन निष्पक्ष हुआ तो संगठन में नई जान आएगी और कांग्रेस आने वाले चुनाव में मजबूती से खड़ी हो पाएगी।

## परतेवा में 31 लाख रुपए के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

# गांव-गांव में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा: विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

विधायक रोहित साहू ने राजिम तहसील के ग्राम पंचायत परतेवा में 31 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों एवं 6.50 लाख रुपए के दो सामुदायिक भवन, 5 लाख रुपए के सीसी रोड तथा 13 लाख रुपए के टीना शेड निर्माण का लोकार्पण कर कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ग्रामीण अंचल के चहुमुखी विकास के लिए कार्य कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अब विकास का पहिया गाँव-गाँव में घूम रहा है। विधायक श्री साहू ने कहा कि हमारी सरकार ने एक साल में ही मोदी की गारंटी के ज्यादातर कामों को पूरा कर लिया है। सबका साथ-सबका प्रयास और सबका विकास के क्रम में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। आने वाले समय में विकास में और तेजी आएगी। प्रधानमंत्री मोदी जी ने गरीबों के लिए 18 लाख आवास स्वीकृति की गारंटी दी थी। उसे पूरा करते हुए शपथ के दूसरे ही दिन ही हमारी सरकार ने आवासहीन हितग्राहियों के आवास की स्वीकृति दी। हमारी सरकार किसान भाईयों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीद रही है। श्री रामलला दर्शन योजना का शुभारंभ कर प्रदेश के श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए भेज रही है। महतारी वंदन योजना में हम प्रदेश की 70 लाख से अधिक माता और बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए भुगतान कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने जीएसटी के सुधारों का भी उल्लेख करते हुए इसका लाभ बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी साहू ने अंडरग्राउंड नाली निर्माण के लिए 4 लाख तथा सीसी रोड के लिए 8 लाख रुपए देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद के उपाध्यक्ष सतीश यादव, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, कोपरा भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता नेहरू साहू,सरपंच षटकोण साहू, भाजपा मंडल महामंत्री हेमंत वर्मा, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कार्तिक साहू, उपसरपंच मिनेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं मातृशक्तियां मौजूद रही।





## खबर संक्षेप

### बेलर और पतोरा में नवरात्र की धूम, आकर्षक पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी



**छुईहा बेलर।** ग्राम बेलर के अनेक चौक में सार्वजनिक दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है। दुर्गा मंच को आकर्षक सजावट एंव लाईट डेकोरेशन कीया गया है। जो बहूत ही सुन्दर दिख रहा है। बेलर में बजरंग चौक,शारदा चौक,शिव चौक,बड़देबाबा चौक, सिद्ध विनायक चौक में दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित किया की गई है । ग्राम अध्यक्ष बेलर पुर्व उपसरपंच खोमन साहू,रमणीक साहू ने कहा इन चौक की समीति द्वारा रात्रि कालीन सांस्कृतिक मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। जिसमे शिव चौक बेलर में रविवार को जस गीत तरजुगां,शारदा चौक दुर्गोत्सव समीति द्वारा 29 सितंबर को छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच सुर झंकार आरती बारले, बड़देबाबा दूर्गा समीति द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच गुरतुर अमलीडीह रायपुर का 1 अक्टूबर को कार्यक्रम रखा गया है। पतोरा दुर्गा समीति मे आयोजित कार्यक्रम -ग्राम पतोरा रामनगर चौक में 28 सितंबर को राम धुनी पार्टी खुड़ियाडिही, 30 सितंबर को सांग बाण का शौर्य प्रदर्शन,1 सितम्बर को राम धुनी पार्टी बालोक का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी पुर्व सरपंच उदे राम साहू, कोमल साहू पतोरा ने दिया।



बाजार चौक परसदाकला, छुईहा बेलर



मौली माता परिषर बिजली, छुईहा बेलर



दुर्गोत्सव खुड़ियाडिही, छुईहा बेलर



सार्वजनिक दुर्गोत्सव गनियारी, छुईहा बेलर

### पर्व : श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास, माता पैरी करती हैं मुरादें पूरी

# पैरी उद्गम स्थल पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब पंचमी में गूंजता रहा जय माता दी के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़ में इन दिनों भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। ''प्रेम से बोलो जय माता दी, सारे बोलो जय माता दी'' जैसे गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। यह स्थल क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात है। यहाँ घने जंगल और विशाल पहाड़ी है, जिसकी सतह से लगभग एक हजार फीट की ऊंचाई पर बड़े-बड़े चट्टानों के बीच पैरी नदी का उद्गम स्थल है। इस उद्गम स्थल पर एक प्राकृतिक जल कुंड बना हुआ है, जहां से बारहो मास पानी की अविरल धार बहती रहती है, जो अंततः त्रिवेणी संगम राजिम में मिलती है। श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास है कि माता पैरी के मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मुरादें माँ अवश्य पूरी करती हैं। यही कारण है कि नवरात्रि में प्रदेश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहाड़ी पर चढ़कर माता से मन्नतें मांगने पहुंच रहे हैं। पहाड़ी के नीचे पैरी विकास समिति द्वारा ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कर माता सेवा की जा रही है। इस दौरान रात में माता सेवा के साथ-साथ आदिवासी परंपरा अनुसार देवी-देवताओं की सवारी निकाली जा रही है, जिसके दर्शन और आशीर्वाद के लिए रात में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भाठीगढ़ पैरी उद्गम में मां बम्हनीन, मां दंतेश्वरी, मां भाठीगढीन, मां पहाड़ी वाली, मां कालाकुंवर, पाठदेवी सहित प्राकृतिक शिवलिंग का मंदिर भी है, जहाँ भक्तों की भीड़ पूजा-अर्चना कर रही है।





#### प्राकृतिक सौंदर्य और वन्य जीवों का वास

पैरी उद्गम स्थल की खासियत यह है कि माँ पैरी का मंदिर घनघोर जंगल से घिरा हुआ है, जहां सांभर, चीतल, भालू, तेंदुआ, नीलगाय, लकड़बग्घा, मोर और हिरण जैसे अनेक वन्य प्राणी आसानी से दिखाई देते हैं। अद्भुत बात यह है कि वन्य जीवों द्वारा अभी तक किसी भी श्रद्धालु को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। पैरी मंदिर में एक कलश नवरात्रि में जलाया जाता है, जबकि पहाड़ी के नीचे सैकड़ों हजारों की संख्या में कलश प्रज्ज्वलित किए जाते हैं। यहां की एक और खास परंपरा यह है कि मंदिर में पहुँचने वाले श्रद्धालु पैरी कुण्ड का पानी पत्तल से प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। इस संबंध में पैरी विकास समिति के हरिशचंद नेगी, आशाराम यादव, जयराम चक्रधारी, पुरोहित राजेन्द्र प्रसाद, डाकेश्वर नेगी, राधे नेगी, खेदु नेगी, तुलसी नागेश, लिलेश साहू, रामदास वैष्णव, थानुदास वैष्णव ने बताया कि भाठीगढ़ पैरी उद्गम स्थल में बारहों महीना श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है, और माँ सभी की मनोकामना को पूरा करती हैं।



## पंडालों में विराजी मां जगदंबा



नदिया पारा बरोंडा



अमर चौक घुमा



श्यामनगर



बस्ती पारा श्यामनगर



सतनामी पारा बरोंडा



स्कूल पारा बरोंडा



मंदिर चौक बरोंडा



ग्राम परतेवा



रंग मंच घुमा



बाजार चौक बरोंडा



मिल पारा बरोंडा

## देहारगुड़ा में खड़ागोसाईन देवी का वार्षिकोत्सव, देव दशहरा का शुभारंभ

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से मात्र 4 किलोमीटर दूर ग्राम देहारगुड़ा के प्रमुख धार्मिक स्थल खड़ागोसाईन के दरबार में वार्षिक जात्र कार्यक्रम का आयोजन परंपरा अनुसार हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस जात्र में शामिल होने के लिए क्षेत्र भर से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ खड़ागोसाईन देवी की पूजा-अर्चना की और पूरे क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना की गई। ज्ञात हो कि इस जात्र का आयोजन भाठीगढ़ राज के देव दशहरा से पूर्व किया जाता है। जात्र में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु अपनी-अपनी मन्नतें लेकर पहुंचे, जहाँ देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई। हजारों वर्षों से दीवान परिवार खड़ागोसाईन देवी को अपनी कुल देवी के रूप में पूजता आ रहा है। यहाँ पूजा-अर्चना के बाद देव दशहरा का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम के पश्चात, श्रद्धालुओं ने महाराज खोरा देवान के प्रतिमा स्थल पर पहुँचकर भी पूजा-अर्चना की। आदिवासी नेता महेंद्र नेताम ने जानकारी देते हुए बताया कि खड़ागोसाईन के जात्र के साथ ही अब क्षेत्र में पाँच दिनों तक चलने वाले देव दशहरा का आयोजन हो चुका है। दशहरा पर्व के पावन अवसर पर खड़ागोसाईन देवी पूरे क्षेत्रवासियों के साथ देव दशहरा में शामिल होने भाठीगढ़ पहुँचेंगी, जहाँ रैनी मारकर देव दशहरा मनाई जाएगी।



#### कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थिति

*इस मौके पर प्रमुख रूप से मुख्ताज दीवान, पवन दीवान, लोकेश्वरी नेताम, जन्मजय नेताम, तिलक दीवान, माठु दीवान, छबिलाल दीवान, इंद्र दीवान, गांड़ाराय दीवान, खेलन दीवान, कमली बाई दीवान, नाथुराम ध्रुवा, शोभन सिंह दीवान, नारायण कुमार, मोहनलाल दीवान, पुरुषोत्तम दीवान, चंद्रसेन दीवान, महेंद्र नेताम, बनकट दीवान, विष्णु दीवान, मुकेश कपिल, सदाराम धुर्वा, प्रेमसाय जगत, टीकम सिंह कपिल, तेजराम यादव, गोविंद पटेल, चित्रसेन पटेल, छबिलाल सिंह, भारत दीवान, लोकेश मरकाम, रोहन सिंह मरकाम, प्रताप मरकाम, महेश दीवान सहित क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में वरिष्ठजन एवं श्रद्धालुगण शामिल हुए।*

## घटारानी दरबार में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, 351 मनोकामना कलश स्थापित

- विधायक, सासंद जनप्रतिनिधि माता के दरबार में माथा टेका

**छुईहा (बेलर)।** शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध घटारानी दरबार में इन दिनों प्रदेश भर से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। भक्तों ने माता के समक्ष जोत प्रज्वलित कर अपनी अटूट श्रद्धा और आस्था का प्रदर्शन किया। माता रानी की पूजा-अर्चना और भक्ति गीतों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो रहा है। इस पावन अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोग वरिष्ठ नेता, अधिकारी, व्यापारी सभी माता के दरबार में दर्शन कर माथा टेक आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। समिति के सदस्य पूर्व सरपंच जहूर राम दिवान और खेलावन पटेल ने बताया कि नवरात्र के दौरान कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इनमें विशेष रूप से विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम छत्तीसगढ़ शासन चंदूलाल साहू, प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला, जमींदार एवं पूर्व अध्यक्ष जनपद राघोबा महाडिक, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक, भाजपा नेता चंद्रशेखर साहू राजू साहू इत्यादि शामिल थे।




**दरबार में विशेष व्यवस्थाएं-** समिति ने बताया कि इस वर्ष दरबार में कुल 351 मनोकामना जोत प्रज्वलित कराए गए हैं। घटारानी धाम एक बार फिर श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बना हुआ है, जहां जनसैलाब उमड़ने का क्रम निरंतर जारी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रतिदिन समिति की ओर से आम भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।



## नवरात्रि की धूम, दुर्गा पंडालों में उमड़ रही भक्तों की भीड़

**नवापारा-राजिम।** शहर के विभिन्न प्रमुख चौक एवं मुहल्लो में मां दुर्गा की पूजा पंडालो में हो रही है। विशेष रूप से श्री महाकालेश्वर युवा दुर्गा उत्सव समिति रेल्वे क्रासिंग खोलीपारा, जय मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति रेल्वे क्रासिंग यादव पारा,श्री महाशक्ति दुर्गा उत्सव समिति कुम्हार पारा, शिवम दुर्गा उत्सव समिति शिव चौक,जय मां दंतेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति गंज रोड सोनकर पारा में शाम की आरती में पूरे मुहल्ले के लोग एक साथ इकट्ठे होते है और भगवान की आरती करते है। खासतौर से मातृशक्तियां एवं छोटे बच्चो की संख्या ज्यादा नजर आती है। हर पंडाल में लाइटो की चकाचौंध देखी जा रही है।











## सोरिद खुर्द के रमई पाट धाम में आस्था का सैलाब, पंचमी पर हुए विशेष दर्शन



**मुड़ागांव कोरासी।** गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित सोरिद खुर्द ग्राम में प्राचीन धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर माता रमई पाट देवी का दरबार नवरात्रि में आस्था का केंद्र बना हुआ है। फिंगेश्वर-रायपुर-महासमुंद मुख्य मार्ग से कुछ किलोमीटर की दूरी पर 8वीं शताब्दी प्राचीन गादी मई के नाम से विख्यात यह स्थल, त्रेतायुग से जुड़ी किंवदंतियों के लिए भी जाना जाता है। मान्यता है कि वनवास काल के दौरान जब लक्ष्मण ने गर्भवती माता सीता को इसी प्राचीन स्थल पर छोड़ा था, तब प्यास लगने पर लक्ष्मण ने बाण चलाकर आम के पेड़ के नीचे जलधारा निकाली थी। यह जलधारा आज भी अविरल रूप से बह रही है। इस प्राचीन धाम पर माता सीता के साथ-साथ भगवान राम, विष्णु, अर्धनारीश्वर शिव, नरसिंह भगवान, गरुड़ जी, पाताल भैरवी, काल भैरव और बकरम पाठ सहित कई प्राचीन मूर्तियां विराजमान हैं, जिनकी पूजा पहले राजा-महाराजा करते थे। राजाओं द्वारा चैत्र पूर्णिमा में मेला लगाने की परंपरा आज भी जारी है। इस शारदीय नवरात्रि पर यहां 955 मनोकामना ज्योति* प्रज्वलित किए गए हैं, जो छत्तीसगढ़ के अलावा देश-विदेश के भक्तों की आस्था दर्शाते हैं। शनिवार, 27 सितंबर को पंचमी के शुभ अवसर पर पुरोहित पंडितों द्वारा पूजा-अर्चना की गई और माता को विशेष श्रृंगार चढ़ाया गया।

#### निःसंतान दंपत्तियों की पूर्ण होती है मुराद

रमई पाट माता का यह धाम विशेष रूप से निःसंतान दंपत्तियों की झोली भरने के लिए प्रसिद्ध है, जिसके साक्षात प्रमाण आज भी मौजूद हैं। रमई पाट धाम, जो कभी बीहड़ जंगल था, अब धीरे-धीरे एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल में परिवर्तित हो गया है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन यहाँ दर्शन करने पहुँच रहे हैं। श्रद्धालु भक्तों और दानदाताओं द्वारा प्रतिदिन विशाल भोजन भण्डारा भी कराया जा रहा है। मंदिर की व्यवस्था एवं देखरेख ग्रामीण और आस-पास के गाँवों की समिति द्वारा की जा रही है।

## चरौदा में क्वांर नवरात्रि में दुर्गा की नौ स्वरूपों की भव्य स्थापना

**छुईहा बेलर।** क्वांर नवरात्र पर्व के अवसर पर ग्राम चरौदा स्कूल चौक में मानस प्रसार सार्वजनिक दुर्गोत्सव उत्सव समिति द्वारा परंपरागत ढंग से दुर्गा की नौ स्वरूपों की भव्य प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। समिति ने माता शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के स्वरूपों में उनके वाहन में सवार माता दुर्गा को विराजित कर श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु प्रस्तुत किया है। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भक्ति का आकर्षण केंद्र बन चुका है। सुबह और विशेष संध्या वंदन में श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंचकर प्रतिदिन आरती, भजन, चालीसा और पूजा-अर्चना में शामिल हो रहे हैं। इसके मुख्य वाचन चेतन सिन्हा, इतवारी सिन्हा सह फंडा कर रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि विगत कई वर्षों से यह परंपरा जारी है और प्रतिवर्ष नवरात्र पर्व पर माता के नौ स्वरूपों की स्थापना कर श्रद्धालुओं को दिव्य वातावरण का अनुभव कराया जाता है। विशेष यह कि इन नौ स्वरूपों को तीन वर्ष तक विसर्जन नहि करते, इक्छुक भक्त अपने पर्व आते तक घर में विधान पुर्वक पुजा करते हैं। भक्तों की श्रद्धा और उत्साह से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है, वहीं दुर्गा महोत्सव का यह आयोजन ग्रामवासियों की धार्मिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बन गया है।



## विधायक ने दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मांगा क्षेत्र की खुशहाली के लिए आशीर्वाद

**राजिम।** शारदीय नवरात्रि की पंचमी के शुभ अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू ने राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में स्थापित दुर्गा पंडालों का दौरा किया। विधायक श्री साहू ने प्रत्येक पंडाल में पहुँचकर माँ दुर्गा की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। उन्होंने इस दौरान समूचे राजिम विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए माता रानी से मंगल कामना और आशीर्वाद मांगा।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बिजली बिल हाफ योजना बंद कर सरकार जनता के साथ छलावा कर रही है : नागेश

**मैनपुर।** युवा कांग्रेस मैनपुर के ब्लॉक अध्यक्ष सोहन नागेश ने कहा की जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है गांव में विकास कार्य थम गया है ग्राम पंचायतों के पास



गांव के छोटे - मोटे मूलभूत कार्य कराने के लिए भी कोई बजट नहीं भेजा जा रहा है। 15वें वित्त और मूलभूत की राशि पंचायतों को नहीं मिल रही है जिसके कारण जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि पंच सरपंच परेशान है और गांव में विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश ने कहा की बिजली बिल हाफ योजना बंद कर भाजपा सरकार जनता के साथ छलावा कर रही है अनाप सनाप बिजली बिल आने से गरीब जनता परेशान हो गई है। इस मुद्दे में भाजपा के नेता कुछ नहीं बोल रहे हैं। भाजपा सरकार को चाहिए कि बिजली बिल हाफ योजना को फिर चालू किया जाए नहीं तो युवा कांग्रेस बिजली बिल हाफ योजना को लेकर आंदोलन करेगी।

### झमाझम बारिश में देर रात तक बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने डटे रहे कर्मचारी

**मैनपुर।** जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र घने



जंगल एवं वनों से घिरा हुआ है। इन दिनों क्षेत्र में लगातार समय बे समय बारिश हो रही है और बारिश के चलते लगातार वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में बिजली व्यवस्था कही पेड़ गिरने से तो कही आंधी तूफान से बाधित हो रही है बावजूद इसके बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा देर रात तक बारिश के बावजूद रेंनकोट पहनकर घने जंगल के अंदर विद्युत व्यवस्था में सुधार करते दिखाई दे रहे है जो काबिले तारीफ है। हालंकि वनांचल क्षेत्र होने के कारण बिजली लगातार बाधित हो रही है बावजूद इसके बिजली विभाग के कर्मचारी रात में भी बारिश के बावजूद व्यवस्था सुधार में जूटे हुए है।

### ग्राम अतरमरा में लोक महक खल्लारी का कार्यक्रम आज

**पाण्डुका।** नवरात्रि के शुभ असर पर ग्राम अतरमरा में प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी बाजार चौक में सुश्री आरती सिन्हा लोक महक लोक कला मच खल्लारी बागबाहरा (महासमुंद) का कार्यक्रम आज रात्रि 9 बजे रखा गया है। सभी जनदर्शक आमंत्रित अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाए। समितिगण संरक्षक टीकम सिन्हा, सेवक निर्मलकर, अध्यक्ष चिरौंजी निर्मलकर, उपाध्यक्ष जगतराम सिन्हा, योगेन्द्र सिन्हा, हेमंत निर्मलकर, विनोद सिन्हा, मोहन निषाद, मनराखन सिन्हा, येस कुमार सिन्हा, चूमन निर्मलकर, चूमन ध्रुव, नंदू निषाद, योगेश साहू, लोकेश सिन्हा, राजा पटेल, अशोक, उमेश साहू, उमेश निर्मलकर, दुर्गेश निर्मलकर, प्रदीप ठाकुर, यादराम निषाद, कुलेश सोम, परिक्षित यादव, बबलू निर्मलकर एवम् समस्त ग्रामवासी शामिल है।

# छुईहा में शारदीय नवरात्रि की धूम, भक्ति और उल्लास का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा (बेलर)



ग्राम छुईहा में शारदीय नवरात्रि पर्व इन दिनों पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पूरे गाँव में धार्मिक वातावरण छाया हुआ है, जहां बड़ी संख्या में भक्तजन उपवास रखकर और साधनात्मक अनुष्ठानों में लीन हैं। गांव में जगह-जगह दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। घर-घर साधकों के अलावा, गायत्री मंदिर प्रज्ञा मंडल और सार्वजनिक स्थल आजाद चौक पर भी दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई है। इन सभी स्थानों पर परंपरागत रूप से जोत प्रज्वलित कर प्रतिदिन आरती और चालीसा का पाठ किया जा रहा है। आजाद चौक पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में पंडा दुखु राम ध्रुव, देवकरण ध्रुव, नीतीश ध्रुव और टेक राम ध्रुव मुख्य रूप से पाठ करा रहे हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक दया राम ध्रुव, टेमन सिन्हा, अध्यक्ष भरत ध्रुव, सचिव कृपा राम सिन्हा, और सदस्यगण मिलन ध्रुव, फत्ते ध्रुव, सिया राम ध्रुव, पीताम्बर निर्मलकर, बाऊ राम, भोज राम, नारायण ध्रुव, तिहारू यादव और तीजउ यादव सहित अन्य ग्रामवासी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, बस स्टैंड छुईहा पर भी भक्तिमय माहौल है, जहां रामचद, परदेशी सिन्हा, यशवंत निर्लमलकर जैसे प्रमुख लोगों के साथ महिलाएं और युवा श्रद्धालु बड़ी संख्या में संध्या वंदन में शामिल होकर माता रानी की आराधना में तल्लीन हैं। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर ग्रामवासी सामूहिक रूप से शुद्ध वातावरण में भक्ति और आस्था के साथ इस उत्सव को मना रहे हैं। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और पारंपरिक संस्कृति को भी सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।



## जयंती: भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल का जन्म जयंती मनाई गई

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय भाजपा के हर कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत : रामूराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा और जिला भाजपा के निर्देश पर, भाजपा मंडल फिंगेश्वर द्वारा फिंगेश्वर नगर के गदहीडीह (बूथ क्रमांक 70) में भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ नेता रामू राम साहू, मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित और मंडल महामंत्री भुवन लाल साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात, उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा संगठन के निर्देश पर 17 सितंबर (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन) से 2 अक्टूबर (महात्मा गांधी का जन्मदिन) तक 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 25 सितंबर को जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने विष्णु देव साय सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना लागू की गई है, जिससे माताओं का सम्मान बढ़ा है।



**कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुखजन**

*इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू, मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, महामंत्री भुवन लाल साहू, मंत्री जगदेव सिन्हा, वरिष्ठ कार्यकर्ता भुनेश्वर साहू, भागवत सिंन्हा, तुलाराम साहू, नारायण साहू, संतराम ध्रुरव, चिंताराम साहू, मिथलेश साहू, सरपंच पेंड्रा मथुरा साहू, बूथ अध्यक्ष विजय साहू लालपुर, राजकुमार साहू, श्यामलाल ध्रुरव, गणेश ध्रुव, किरण सोनी, राकेश सिन्हा सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिकगण उपस्थित थे।*

**दीनदयाल के सिद्धांतों पर मोदी सरकार का काम**

वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को भारतीय जनता पार्टी का आदर्श एवं पितृ पुरुष बताया। उन्होंने बताया कि दीनदयाल जी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे संस्थापकों ने मिलकर 1951 में जनसंघ की स्थापना की, जो 1980 में भारतीय जनता पार्टी के रूप में परिवर्तित हुई। साहू ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रणेता और गरीबों के मसीहा थे। उनके सिद्धांत के अनुसार, अंतिम छोर पर गरीब से गरीब व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्हीं सिद्धांतों का पालन करते हुए गरीबों को मुफ्त राशन, निःशुल्क गैस सिलेंडर (धुएं से मुक्ति), आवास और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी विष्णु देव साय सरकार महिलाओं, किसानों और गरीबों के हित में उन्हीं सिद्धांतों पर महत्वपूर्ण कार्य कर रही है, जिसका उदाहरण महतारी वंदन योजना है। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर साहू और ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भगवत सिन्हा, नारायण साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री भुवन लाल साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मंत्री जगदेव सिन्हा ने किया।

# बारिश में नाला पार कर मंदिर पहुचे विधायक जनक ध्रुव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

नवरात्रि की पंचमी तिथि पर जटियाई समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। भारी बारिश के बीच विधायक ने बेन्द्रा नाला सेदबाहरा के किनारे गाड़ी खड़ी कर, पैदल नदी पार करके जटियाई माता मंदिर पहुंचीं। माता जटियाई में मत्था टेककर उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ध्रुव ने बेन्द्रा नाला पर पुल निर्माण नहीं होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क बनने के बावजूद पुल न होने से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को भारी परेशानी होती है। विधायक ने बताया कि इस पुल के लिए लगातार प्रस्ताव भेजे गए हैं, लेकिन मांग पूरी नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पुलिया निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वह क्षेत्रवासियों के साथ धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगी। इस दौरान, विधायक ने मां जटियाई मंदिर में ज्योति कक्ष सहित श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए पांच लाख रुपये के सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। इसके बाद, उन्होंने ग्राम पंचायत कनसिघी के मंदिर पारा में रंगमंच का लोकार्पण किया और ग्राम रसेला के शीतला मंदिर में ज्योति कलश के दर्शन कर ग्राम प्रमुखों के साथ विकास पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर ग्राम पटेल लोकराम यादव, डी आर यादव, भागवत कोमर्रा, कमलेश्वर नायक, वेदव्यास निषाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



# सशिमं में विभाग स्तरीय कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ

**गरियाबंद।** सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर, छत्तीसगढ़ की योजना अनुसार तीन दिवसीय विभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ 26 सितंबर 2025 को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद में हुआ। यह प्रतियोगिता 28 सितंबर 2025 तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में गरियाबंद, धमतरी और महासमुंद जिले के 235 भैया-बहन खिलाड़ी तथा 18 संरक्षक आचार्य/दीदी शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रघुवंश चंद्राकर (पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गरियाबंद) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रूपेंद्र कुमार साहू (जिला प्रतिनिधि गरियाबंद), प्रेमलाल साहू (जिला संघ चालक), मानिक राम साहू (रायपुर एवं राजिम विभाग समन्वयक) तथा अध्यक्षता सत्य प्रकाश मानिकपुरी (व्यवस्थापक, भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति गरियाबंद) ने की। इस अवसर पर रिखीराम यादव (अध्यक्ष, नगर पालिका गरियाबंद), मनोज चंद्राकर (संकुल समन्वयक गरियाबंद), श्रीमती वर्षा तिवारी जी, चैन सिंह बघेल (प्राचार्य) तथा विद्यालय के समस्त आचार्य, दीदी एवं भैया-बहन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रघुवंश चंद्राकर ने कहा कि खेल के माध्यम से ही बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास संभव है। खेल ही जीवन जीने की कला सिखाता है। अध्यक्ष सत्य प्रकाश मानिकपुरी जी ने भी अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलों से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

# पीएमश्री स्कूल में दिखाई गई पीएम मोदी के बचपन पर बनी लघु फिल्म चलो जीते हैं

**नवापारा-राजिम।** पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चलो जीते हैं नामक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। यह फिल्म भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन पर आधारित है। इस फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों ने सीखा कि कठिन परिस्थितियों में भी संघर्ष करते हुए कैसे बड़े लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। फिल्म में बचपन में सामाजिक सेवा, दृढ़ निश्चय और सकारात्मक सोच को विशेष रूप से दशार्या गया है। विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से इस फिल्म का अवलोकन किया।

कार्यक्रम के पश्चात शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के साथ चर्चा सत्र आयोजित किया गया जिसमें उन्हें प्रेरित किया गया कि वे भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक रहा। सभी ने इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की। इस आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य फाखरा खानम दानी सहित समस्त स्टॉफ का योगदान था।



# दूसरों की सेवा करो, सफलता अपने आप कदम चूमेगी: मनमोहन अग्रवाल

**नवापारा-राजिम।** फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने राष्ट्रीय सेवा योजना का 57वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम के अतिथि मनमोहन अग्रवाल अध्यक्ष चित्रोत्पला शिक्षण समिति ,प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी, उपप्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. आर के रजक जिला संगठक रायपुर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.श्यामा शांडिल्य मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनमोहन अग्रवाल ने कहा कि मानव को अपना कार्य करते रहना चाहिए। अच्छाई व बुराईयों पर ध्यान न दे और अपने काम को स्वयं करना चाहिए। दूसरों की सेवा करो, सफलता अपने आप कदम चूमेगी। राष्ट्रीय सेवा योजना यही सिखाता है। डॉ. शोभा गावरी ने स्वयंसेवकों को बताया कि पूरे भारत में सन 1969 में राष्ट्रीय सेवा योजना सर्वप्रथम 2 विश्वविद्यालयों में शुरू की गई, जिसमें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) एक था एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश एक लाख से भी अधिक स्वयंसेवक इस योजना मे जुड़े हुए है। डॉ. आर. के. रजक ने कहा कि स्वयंसेवक अपने विभिन्न प्रतिभा के माध्यम से ही पहचाना जाता है। आज जो भी अच्छा कला का प्रदर्शन कर रहे हैं, उनके पीछे कहीं न कहीं उनके लगन व आत्मविश्वास का ही हाथ है।

- रासेयो का 57वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**स्वयंसेवकों ने मनमोहक प्रस्तुति दी**–डॉ. मनोज मिश्रा ने कहा आजादी से लेकर आज तक सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना का उल्लेखनीय योगदान है। यह योजना सदैव नवाचार को सिखाता करता है। इस स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने मनमोहक, आकर्षक व प्रेरणाप्रद गीत, नृत्य, समूह गान व भाषण की प्रस्तुति दी। जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ी बारह मासी की प्रस्तुती रही। इस अवसर पर ठाकुर राम, मोनिका, हिमांशी, चित्र रेखा, नवदीप, लीलम, सूरज सहित 120 वरिष्ठ एवं कनिष्ठ स्वयंसेवकों के साथ नवप्रवेशी स्वयंसेवक वासु, पूजा, नीनू, आकांक्षा, खुशबू,उज्जवला लेखिका ने विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम का संचालन मितेश कुमार साहू एवं तुषार यादव तथा आभार प्रदर्शन प्रेम साहू ने किया तथा इस आयोजन का सफल नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ.श्यामा शांडिल्य ने किया।



# जीएसटी रिफॉर्म से लोगों में उत्साह: इंद्रकुमार


**नवापारा-राजिम।** विधायक इंद्रकुमार साहू शुक्रवार को नवापारा शहर में घुम-घुमकर कुछेक व्यापारियों तथा दुकानदारों और ग्राहकों से जीएसटी के संदर्भ में खुलकर चर्चा किया। इस दौरान विधायक श्री साहू को लोगों ने बताया कि जीएसटी में छुट से व्यापार, व्यवसाय चमक गया है। विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनता को लाभ पहुंचाने जीएसटी में छूट की घोषणा की है जिससे लोगों की उदैनिक दिनचर्या से लेकर खाने पीने की वस्तु, मोटरसाइकिल, कार, ट्रैक्टर, इलेक्ट्रॉनिक आइटम सभी चीजों में जीएसटी दर घटाने से चीजे सस्ती हो गई है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को विधायक इंद्रकुमार साहू ने शहर के दुकानदारों एवं ग्राहकों के बीच पहुंचकर चर्चा किए जिससे पता चला कि आम लोगों एवं व्यापारियों में एक अलग तरह की खुशी है। त्योहारी सीजन होने से बिक्री में बढ़ोतरी की भी सम्भावना व्यक्त किए हैं। इस खास अवसर पर मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, समाजसेवी किशन सांखला, युधिष्ठिर चंद्राकर, चंद्रिका साहू, मुकुंद मेश्राम, सभपति सचिन सचदेव, पूजा कंसारी, जीना निषाद, नम्मू ध्रुव, चेतन साहू, सिंटू जैन, राजू रजक, धीरज साहू, मनीष देवांगन जग्गू यादव, मायाराम साहू, धनमति साहू, साधना सौरज, पदमनी सोनी, नीता धीवर, हेमलता टांडिया, युवराज यादव, चंद्रिका साहू, टुकेन्द्र साहू, थानेंद्र साहू मौजूद थे।

- विधायक ने जीएसटी में छुट को लेकर व्यापारियों से की चर्चा





Ajay 9827144371



#Rajesh



Ajay Advt.

